प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

13.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

विधानसभा

शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का आज चौथा दिन है। सत्र में कार्यवाही प्रश्नकाल के दौरान विधायक अपने अपने क्षेत्र से संबंधित प्रश्न पूछेंगे। सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा आज भी जारी रहेंगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू हिमाचल प्रदेश के आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2024–25 की प्रति भी सभा पटल पर रखेंगे। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता....

मुख्यमंत्री

चार दिवसीय राष्ट्र स्तरीय सुजानपुर में होली मेला हर्षोल्लास के साथ कल आरम्भ हुआ। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सुजानपुर टीहरा स्थित ऐतिहासिक मुरली–मनोहर मंदिर में पूजा–अर्चना की और शोभा यात्रा का नेतृत्व किया। ऐतिहासिक चौगान मैदान से मुरली–मनोहर मंदिर तक सैकड़ों लोगों ने इस शोभा यात्रा में भाग लिया। इस दौरान सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का शुभारम्भ भी किया। मुख्यमंत्री ने होली के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उत्सव एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 43 करोड़ 64 लाख रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास भी किए।

होली–2

इधर रंगो का त्यौहार होली प्रदेश में कल मनाया जाएगा लेकिन मंडी शहर में होली आज मनाई जा रही है। ये परंपरा रियासत काल से चली आ रही है।

कुल्लू होली

उधर कुल्लू में भी होली का त्योहार आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यू तो कुल्लू मे होली की शुरूआत बसंत पंचमी के दिन से ही हो जाती है और उस दिन से लगातार 40 दिनो तक हर रोज शाम के समय भगवान रघुनाथजी पर गुलाल चढ़ाया जाता है। दोपहर बाद लोग भगवान रघुनाथ के मन्दिर में जाकर उन पर गुलाल चढ़ाते है व इसी के साथ यहाँ की होली सम्पूर्ण होती है। कुल्लू में होली, होलिका दहन से पहले मनायी जाती है और होलिका दहन को यहाँ फाग के नाम से जाना जता है। फाग की रस्म पूरी होने के बाद कोई भी रंगों से नहीं खेलता है।

अनिल खाची

राज्य निर्वाचन आयुक्त अनिल कुमार खाची ने कहा है कि प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं व शहरी निकायों के सामान्य चुनाव वर्ष 2025–26 में होने संभावित है जिसके दृष्टिगत आयोग ने प्रारम्भिक तैयारियां शुरू कर दी हैं। चम्बा में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। अनिल खाची ने 18 वर्ष या उससे उपर आयु वर्ग के मतदाताओं का नाम राज्य निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची में शामिल करने को कहा।

कार्यशाला

डीएनए प्रोफाइलिंग और फॉरेंसिक विषाक्त विज्ञान के लिए जैविक नमूनों के संग्रह और संरक्षण पर फॉरेंसिक सेवाएं निदेशालय जुन्गा में कल कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला प्रदेश के विभिन्न जिलों के चिकित्सा अधिकारियों के लिए आयोजित की गई। एक प्रवक्ता ने बताया कि राज्य फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में फॉरेंसिक की अलग–अलग विशिष्टताओं से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस अन्वेषण अधिकारियों, चिकित्सा अधिकारियों, अभियोजन अधिकारियों और नए भर्ती हुए जजों के लिए समय–समय पर आयोजित किए जाते हैं ताकि अपराधिक जांच व न्यायिक विज्ञान के मानकों की जानकारी दी जा सके।

मौसम

हिमाचल में पश्चिमी विक्षोभ एक बार फिर सक्रिय हो गया है। इससे प्रदेश के उंचाई वाले क्षेत्रों में कल हल्की बर्फबारी हुई है और आज राज्य के कई स्थनों पर बादल छाए है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के पांच जिलों चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी में कहीं–कहीं बारिश की संभावना जताई है।

————————————————————